भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
लोक उद्यम विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2029
दिनांक 03 मार्च, 2020 को उत्तर देने के लिए

**सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण**

2029. श्री राजवीर दिलेर:
श्री अनुराग शर्मा:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में निजीकरण के लिए प्रस्तावित सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों का ब्यौरा तथा उनके नाम क्या हैं;

(ख) क्या सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के निजीकरण के आर्थिक एवं सामाजिक नुकसानों का आकलन किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो आकलन के निष्कर्ष क्या हैं, यदि कोई हों, तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

**उत्तर**
**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री**
**(श्री प्रकाश जावड़ेकर)**

(क): निवेश एवं लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम), वित्त मंत्रालय केन्द्रीय सरकारी लोक उद्यमों (सीपीएसईज़) के विनिवेश तथा निजीकरण के लिए नोडल विभाग है। दीपम द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार सरकार ने भारत सरकार की आधे से अधिक हिस्सेदारी का विक्रय तथा प्रबंधन नियंत्रण के हस्तांतरण सहित सहायक कंपनियों, इकाइयों तथा संयुक्त उद्यमों सहित 34 सीपीएसईज़ के कार्यनीतिक विनिवेश के लिए 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन दिया है। इनमें से 6 सीपीएसईज़ का पंजीकृत कार्यालय/कारपोरेट कार्यालय उत्तर प्रदेश राज्य में है। इनके विवरण अनुबंध दिए गए है।

(ख) एवं (ग): दीपम ने आगे सूचित किया है कि कार्यनीतिक विनिवेश के लिए सीपीएसईज़ की पहचान करने का शासनादेश नीति आयोग को दिया गया है। इस प्रयोजन के लिए नीति आयोग ने (i) राष्ट्रीय सुरक्षा; (ii) संप्रभुता तक सुगम पहुंच; तथा (iii) बाजार की कमी तथा सार्वजनिक प्रयोजन के मानदंड पर सीपीएसईज़ को 'प्राथमिकता' तथा 'गैर-प्राथमिकता' सेक्टरों में वर्गीकृत किया है। 'गैर-प्राथमिकता' सेक्टरों वाले सीपीएसईज़ की सिफारिश कार्यनीतिक विनिवेश के लिए की गई है। दीपम ने यह भी कहा है कि आशा है कि निजीकरण होने पर कार्यनीतिक खरीददार सीपीएसई के व्यवसाय संभाव्यता के अधिकतम विकास के लिए धन/प्रौद्योगिकी/नया प्रबंधन आदि लेकर आएंगे। विनिवेश के बाद सीपीएसई के विकास से क्षेत्र में उच्चतर आर्थिक कार्यकलाप उत्पन्न होंगे जिससे नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा सहायक उद्योगों का विकास होगा और देश के आर्थिक विकास में योगदान होगा।

*****

**दिनांक 03.03.2020 को उत्तरार्थ लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 2029 के उत्तर के भाग (क) से संदर्भित अनुबंध**

| क्रम सं. | सीपीएसई का नाम | उत्तर प्रदेश राज्य में स्थित पंजीकृत कार्यालय/कारपोरेट कार्यालय | सीपीईए अनुमोदन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | हॉस्पिटल सर्विसेज कंसल्टेंसी लिमिटेड | नोएडा (सीओ) | 27.10.2016 |
| 2 | प्रोजेक्ट एंड डेवलेपमेंट इंडिया लिमिटेड | नोएडा | 27.10.2016 |
| 3 | स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड | लखनऊ | 27.10.2016 |
| 4 | भारत पम्प्स एंड कंप्रैसर्स लिमिटेड | इलाहाबाद | 27.10.2016 |
| 5 | सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड | साहिबाबाद (सीओ) | 27.10.2016 |
| 6 | पवन हंस लिमिटेड | नोएडा (सीओ) | 27.10.2016 |

*****